# 10 दैनिक जीवन में गणित



निम्न परिस्थितियों को देखो। क्या इन परिस्थितियों में लोग गणित का प्रयोग करते हैं। यदि हाँ, तो कैसे**?**

प्रशांत 7 बजे उठता है।बसस्टॉप पर बस 7.50 बजे आती है। उसे घर से बसस्टॉप तक जाने के लिए 5 मिनट लगता है। उसे स्कूल पहुँचने के लिए तैयार होने में कितना समय लगता है?



रिचा ने विचार किया कि बस में दोनों ओर सीटों की संख्या समान है उसने यह भी ध्यान दिया कि प्रत्येक पंक्ति में सीटों की संख्या समान है। रिचा ने प्रत्येक तरफ 12 सीटें गिनी। प्रत्येक पंक्ति में कितनी सीटें हैं, कुल मिलाकर वहाँ कितनी सीटें हैं?



रमेश सुबह से केले बेच रहा है। उसके पास 320 केले थे। शाम तक उसके पास 54 केले शेष बचे। रमेश ने कितने केले बेचे?



सरोजिनी को चावल बनाने के लिए 25 मिनट, सब्ज़ी बनाने 20 मिनट और 15 रसम बनाने मिनट लगते हैं। यदि उसे 8 बजे तक खाना परोसना है तो उसे रसोईघर में कितने बजे प्रवेश करना चाहिए।

अब आप उन कुछ स्थितियों पर विचार करो जहाँ आप अपनी जीवन चर्या में गणित का प्रयोग करते हैं?

SCERT TELANGANA

## खिलौने की दुकान




1. आपके पास ₹ 50 हैं। किन्हीं 3 खिलौनों के खरीदने के लिए चुनो, ये खरीदने पर आपके सारे पैसे खर्च हो जाने चाहिए।

| खिलौने का नाम | खर्च की राशि |
|---|---|
| उदाहरण हवाई जहाज + बतख + गेंद | ₹ 50 |
| | |
| | |
| | |
| | |

SCERT TELANGANA

### चिकनी मिट्टी से खिलौने बनाना

2. सुधीर चिकनी मिट्टी से हाथी, बिल्ली और चूहा बनाना चाहता है। हाथी बनाने के लिए 5 कि.ग्रा. चिकनी मिट्टी, बिल्ली बनाने के लिए 3 कि.ग्रा. चिकनी मिट्टी और चूहा बनाने के लिए 1 कि.ग्रा. चिकनी मिट्टी की आवश्यकता पड़ती है। तो बताओ कुल खिलौने बनाने के लिए कितनी मिट्टी की आवश्यकता पड़ेगी?

| खिलौने | आवश्यक मिट्टी |
|---|---|
|  | ☐ किलो |
|  | ☐ किलो |
|  | ☐ किलो |
| कुल चिकनी मिट्टी = | ☐ किलो |

ऊपर बताये अनुसार कुछ और प्रश्नों बनाइए।

### रिया के रिब्बनों की खरीदी

3. रिया बाज़ार से बाज़ार से 3 रंग के रिब्बन खरीदे। उनमें 3 नीले रिब्बन, 5 लाल 10 रिब्बन, हरे रिब्बन है।

| रिब्बन | 1 रिब्बन का दाम |
|---|---|
|  |  |
|  |  |
|  |  |

रिया ने दुकानदार को कितने रुपये दिये? ☐

SCERT TALANGANA

## संतोष की कक्षा

4. संतोष उसकी कक्षा का फ़र्श देख रहा है। वह फ़र्श बनाने के लिए प्रयोग किये गये टाइल्स (पत्थरों) को गिन रहा है। क्या आप संतोष को टाइल्स गिनने में सहायता कर सकते हैं?


पहली पंक्ति →

दूसरी पंक्ति →

तीसरी पंक्ति →

चौथी पंक्ति →

पाँचवीं पंक्ति →





**उपरोक्त चित्र के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(अ) प्रत्येक पंक्ति में कितने पत्थर हैं?

(आ) उसी तरह की कितनी पंक्तियाँ हैं?

(इ) ज़मीन पर कुल कितने पत्थर हैं?

(ई) वहाँ नीले पत्थर कितने हैं?

(उ) वहाँ लाल पत्थर कितने हैं?

## सूर्या गाँव जाता है

5. सूर्या अपने दादाजी के गाँव साइकिल पर गया। गाँव पहुँचने में उसे एक घंटा लगा। वापस लौटते समय वह 3 घंटे चल कर घर पहुँचा। इस सफर में सूर्या को कुल कितना समय लगा?

| दूरी | | लिया गया समय |
|---|---|---|
| घर से गाँव तक | : | |
| घर वापस आने तक | : | |
| कुल समय | : | |



यदि सूर्या दोनों ओर (आने और जाने) पैदल चलेगा तो कितना समय लेगा?

SCERT TELANGANA

**शिखा अपनी दादी जी के गाँव जाती है**

(अ) शिखा को अपनी दादी जी के पास गाँव जाना पड़ता है। उसकी बस सुबह 9 बजे निकलती है। यदि गाँव पहुँचने के लिए 3 घंटे लगते हैं, तो शिखा गाँव कितने बजे पहुँचेगी?



(आ) जब शिखा बसस्टैंड पहुँचती है तो उसे मालूम होता है कि उसकी बस दो घंटे देर से निकलेगी। अब वह गाँव किस समय पर पहुँचेगी?

स्थिति के अनुसार समय से संबंधित और प्रश्न बनाकर हल करो।

**सीमा चाय बनाती है।**

7. सीमा बहुत अच्छी चाय बनाती है। एक कप चाय में वह 2 चम्मच शक्कर प्रयोग करती है। आज उसके घर चार अतिथि आये हैं। उसे अपने माता, पिता और अतिथियों के लिए चाय बनाना है।



(अ) कितने कप चाय बनाना होगा?

(आ) कितने चम्मच शक्कर डालना चाहिए?

**रिया कपड़े धोती है**

8. (अ) हरीश और कविता उनके घर में एक टैंक में पानी भर रहे हैं।

हरीश द्वारा लाया गया पानी **27** लीटर

कविता द्वारा लाया गया पानी **23** लीटर

टैंक की क्षमता ______ लीटर है।



(आ) रिया कपड़े धोने के लिए टैंक का पानी प्रयोग कर रही थी। टैंक में 37 लीटर पानी शेष बचा है। रिया ने कितना पानी प्रयोग किया?

SCERT TALANGANA

**हॉस्टल में दूध का खर्च (उपभोग)**

9. (अ) एक हॉस्टल में विद्यार्थी 24 लीटर दूध का उपभोग प्रतिदिन करते हैं। एक सप्ताह में हॉस्टल में कितना दूध खर्च होगा?

(आ) यदि प्रत्येक छात्र एक सप्ताह में 2 लीटर दूध पीता है तो हॉस्टल में कितने छात्र हैं?

**दुकानदार का बिल**

10. सुजीत बाज़ार गया। 6 साबुन, 1 किग्रा शक्कर, 4 किग्रा प्याज़, 10 किग्रा चावल, 2 लीटर फल्ली का तेल और 5 रस्सियाँ खरीदा।




**दुकानदार को रसीद बनाने में सहायता करो।**

| क्र. सं. | वस्तुएँ | इकाई मात्रा का दाम | मात्रा | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साबुन | | | |
| 2 | शक्कर | | | |
| 3 | प्याज़ | | | |
| 4 | चावल | | | |
| 5 | फल्ली का तेल | | | |
| 6 | रस्सी | | | |
| | | | **कुल** | |

SCERT TELANGANA

## इन्हें करो

1. एक स्टेशनरी की दुकान को जाओ और निम्न चीज़ों के दाम पूछो। 6 पेंसिल, 3 रबड़, 2 कटर, 10 कॉपी, 5 पटरी (स्केल) और 4 पेन। दामों की सूची बनाओ।

2. रजनी के पास 12 लड्डू हैं। वह उन्हें रिचा, शालिनी और प्रीति को बराबर बाँटती है। प्रत्येक को कितने लड्डू मिले?

3. एक बगीचे में गुलाब के पौधे की 12 पंक्तियाँ हैं। प्रत्येक पंक्ति में 6 गुलाब के पौधे हैं। बगीचे में कुल कितने गुलाब के पौधे हैं?

4. हार बनाने के लिए 96 सेंमी. धागे को 6 समान भागों में बाँटा गया। प्रत्येक हार की लंबाई क्या होगी?

5. धोनी प्रतिदिन 3 लीटर दूध का सेवन करता है। 30 दिनों में वह कितने दूध का सेवन करेगा?

6. महेश प्रतिदिन ₹ 375 कमाता है। वह प्रतिदिन ₹ 200 खर्च करता है। एक दिन में वह कितने रुपये बचाता है?

7. सीमा प्रतिदिन 3 घंटे पढ़ती है। एक सप्ताह में वह कितने घंटे पढ़ती है?

SCERT TALANGANA